दिनांक 14.10.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

अवैध निर्माण पर चला निगम का बुलडोजर, विभिन्न स्थानों से हटाया गया कब्जा

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण पर शिकंजा कसने आयुक्त श्री रघुवंशी ने समस्त जोन आयुक्त , कार्यपालन अभियंता एवं समस्त जोन क्षेत्र के सहायक राजस्व अधिकारी को अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। शासकीय भूमि में अवैध कब्जे की शिकायतों पर भी कार्रवाई जारी है। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने समस्त जोन आयुक्त , कार्यपालन अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी जोन 01, 02, 03, 04, 05 एवं 06 को अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाने के लिए निर्देश दिए हैं! आयुक्त ने निर्देशित किया है कि भिलाई क्षेत्र/वार्ड में कई स्थानों पर शासकीय नजूल भूमि जो कि निगम के स्वामित्व में है एवं निगम की स्वयं की रिक्त भूमि पर यदि किसी प्रकार का कब्जा है तो उसे रिक्त कराया जाए।

निगम क्षेत्र के रिक्त भूमि पर अवैध कब्जाकर निर्माण होने की शिकायतें प्राप्त होने पर कार्यवाही करें। अवैध निर्माण को रोकने के लिए जोन कार्यालय में पदस्थ जोन आयुक्त/सहायक राजस्व अधिकारी/वार्ड प्रभार के उप अभियंता को निर्देश दिया गया है।

जनसम्पर्क अधिकारी